# छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल

पुराना नर्सेस हास्टल, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
रायपुर, छत्तीसगढ़
(website:- www.cgnrc.org, Email id – snrc.cg@gmail.com, phone:- 0771-2227600)

क्रमांक / रजि0 नर्सिंग कां0 / परीक्षा / 2026 / 03 रायपुर, दिनांक 01 / 01 / 2026

---

प्रति,

समस्त प्राचार्या / प्राचार्य
शासकीय / निजी जी.एन.एम. नर्सिंग / बी.एस.सी. नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग / एम.एस.सी. नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र एंव महाविद्यालय (छ.ग.)

**विषयः–** **मर्सी चान्स (अतिरिक्त अवसर) हेतु जी.एन.एम. नर्सिंग / बी.एस.सी. नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.नर्सिंग / एम.एस.सी. नर्सिंग / पात्र परीक्षार्थीयों से परीक्षा फार्म आमंत्रित करने हेतु सूचना।**

समस्त शासकीय / निजी नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों को सूचित किया जाता हैं कि भारतीय उपचार्या परिषद,नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना 2022 की संख्या –07, 01, 02 के पत्र कमंक फा.स. 1–6 / LT / 2022, 2023–आईएनसी दिनांकः– 28 / 04 / 2022 , 19 / 01 / 2023 *"अधिकतम समय अवधि में छूट के लिए* मर्सी चान्स (अतिरिक्त अवसर) *परीक्षा–* जी.एन.एम. नर्सिंग / बी.एस.सी. नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.नर्सिंग / एम.एस.सी. नर्सिंग *परीक्षा दिशा निर्देश "* के तहत पात्र अभ्यार्थीयों का मर्सी चान्स (अतिरिक्त अवसर) हेतु परीक्षा लिया जाना है।

अतः इस स्थिति में परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि **दिनांक 30 / 01 / 2026 तक 1500 / – रूपये** ऑनलाईन परीक्षा शुल्क के साथ संस्था स्तर पर प्राचार्य द्वारा सत्यापित कर छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल में जमा करने कि व्यवस्था करें।

**नोटः– विशेषकर, उन नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों एंव महाविद्यालयों के प्रचार्य / प्राचार्या अपने प्रशिक्षण केन्द्र में जो भी प्रशिक्षणार्थी मर्सी चान्स (अतिरिक्त अवसर) हेतु आवेदन करने से वंचित रह गए है, और वे उक्त परीक्षा के लिए पात्र है। तो समय–सीमा को ध्यान में रखते हुए उनको आवेदन करायें। अंतिम तिथि के पश्चात् मर्सी चान्स संबंधी किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेंगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी स्वंय संस्था व परीक्षार्थी का होगा।**

नोटः–

1. अपात्र अभ्यार्थी की परीक्षा शुल्क वापसी / समायोजित नहीं की जायेगी।
2. अभ्यार्थीयों के विश्वविद्यालय की समस्त अंकसूची, विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गई परीक्षा की अधिसूचना,परीक्षा समय–सारणी की प्रति आवश्यक रूप से लगायें।
3. पात्र अभ्यार्थीयों की परीक्षा छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल द्वारा आयोजित की जाएगी। एंव परीक्षा उत्तीर्ण पश्चात् उन्हें विश्वविद्यालय परीक्षा में बैठने की अनुशंसा की जाएगी।
4. मर्सी चान्स (अतिरिक्त अवसर) हेतु **परीक्षा फार्म** छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल के वेबसाइट में उपलब्ध हैं।

**श्रीमति दुर्गावती कुंजाम**
**रजिस्ट्रार / परीक्षा नियंत्रक**
**छ.ग. नर्सेस रजि. काउन्सिल**
**रायपुर (छ.ग.)**